**दिनांक : 22.06.2025** **समय : 02.10 पीएम**

आकाशवाणी, भोपाल

**दोपहर समाचार**

**मुख्यमंत्री–नर्मदापुरम**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज नर्मदापुरम जिले के हिल स्टेशन पचमढ़ी में हैं। डॉ. यादव यहां स्थानीय पर्यटन स्थलों के उन्नयन के प्रस्तावित कार्य योजनाओं की समीक्षा कर रहे हैं। इस संबंध में मुख्यमंत्री की अधिकारियों के साथ बैठक जारी है। इसके पहले पिपरिया में मुख्यमंत्री का सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक ठाकुरदास नागवंशी और नगर पालिका अध्यक्ष ने स्वागत किया।

**एनआईए–पहलगाम**

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण को पहलगाम आतंकी हमले की घटना में एक बड़ी सफलता मिली है। एजेंसी ने दो लोगों को हमले में शामिल आतंकियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एनआईए ने बताया कि इनमें बटकोट निवासी परवेज अहमद जोथर और पहलगाम के हिल पार्क में रहने वाला बशीर अहमद जोथर शामिल है। इन दोनों ने हमले में शामिल तीन हथियार बंद आतंकियों की पहचान उजागर की है। एजेंसी ने बताया है कि सभी आतंकी पाकिस्तानी नागरिक थे और आतंकी गुट लश्कर–ए–तैयबा से संबद्ध थे।

**विशेष फीचर– सरकार के 11 साल**

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज, हम भारत की ऊर्जा क्रांति पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

**मौसम**

प्रदेश के सभी जिलों में मानसून सक्रिय हो गया है। आज भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन और नर्मदापुरम सहित कई अन्य जिलों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग के 17 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इंदौर, जबलपुर में भी बारिश की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश के ऊपर से एक लो प्रेशर एरिया गुजर रहा है। वहीं, पश्चिमी हिस्से से टर्फ की एक्टिविटी है। ये दोनों ही सिस्टम मजबूत है। इस वजह से पूर्वी और उत्तरी हिस्से में अति भारी

बारिश का अलर्ट है। इसके पहले कल सीधी में 2 इंच बारिश हुई। वहीं, रतलाम में सवा इंच से ज्यादा पानी गिरा। सतना में पौन इंच, रीवा–खजुराहो में आधा इंच से ज्यादा बारिश हुई। मंडला जिले में आज सुबह से बारिश हो रही है। नर्मदापुरम में कल रात 12 बजे से शुरू हुई बारिश जारी है। यहां अब तक 16 मिलीमीटर से अधिक बारिश हो चुकी है। शिवपुरी में पिछले दो दिनों से लगातार बारिश जारी है।

**समाचार संक्षेप में .....**

- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज से दो दिन के छत्तीसगढ़ दौरे पर है। वे रायपुर और नारायणपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

- नशा मुक्त भारत अभियान अन्तर्गत मध्यनिषेध माह के अवसर पर आगरमालवा कृषि उपज मण्डी में कल एक प्रचार–प्रसार रथ को विधायक मधु गेहलोत ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

- राजगढ़ जिले में अच्छी बारिश के बाद किसान वर्ग खरीफ सीजन की बोवनी में जुट गया है। जिले में खरीफ़ सीजन में सोयाबीन की फसल बहुतायात से बोई जाती है।

- कटनी में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान जारी है। जिसके तहत 15 जून से 30 जून तक शिविरों का आयोजन कर हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

..

........................